एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

Great Place To Work. Certified JAN 2026-JAN 2027 INDIA

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




**1 जुलाई, 2026**

**प्रिय साथियो,**

गत माह की उपलब्धियों को देखते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हम सभी ने मिलकर अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। ये उपलब्धियाँ एनएचपीसी परिवार के प्रत्येक सदस्य के अथक परिश्रम और सहयोगात्मक भावना का परिणाम हैं। मैं आप सभी के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करता हूँ तथा आपसे आग्रह करता हूँ कि आने वाले महीनों में हम मिलकर और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करेंगे तथा एनएचपीसी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।

16 जून 2026 को अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ 3097 मेगावाट एटालिन जलविद्युत परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन (MoA) पर हस्ताक्षर किए गए, जो इस महत्वाकांक्षी परियोजना के क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में भी हमने एक और अहम उपलब्धि हासिल की। 14 जून 2026 को यूनिट-5 की सफल बॉक्सिंग-अप के साथ यह यूनिट कमीशनिंग के एक महत्वपूर्ण चरण के और निकट पहुँच गई।

पकल दुल जलविद्युत परियोजना में टीबीएम द्वारा निर्मित एचआरटी-1 का डेलाइटिंग 10 जून 2026 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

31 मई 2026 को मुझे उड़ी-I स्टेज-II परियोजना की एचआरटी के एडिट-3ए में प्रथम ब्लास्ट का साक्षी बनने का अवसर मिला, जिसके साथ परियोजना के निर्माण कार्यों का शुभारंभ हुआ। मुझे विश्वास है कि परियोजना टीम इसी समर्पण के साथ कार्य करते हुए इसे निर्धारित समय-सीमा में पूरा करेगी।

माह के दौरान एनएचपीसी प्रबंधन ने उड़ी-I स्टेज-II परियोजना, उड़ी पावर स्टेशन, तुलबुल नेविगेशन लॉक परियोजना, पार्बती-II पावर स्टेशन, लिंक टनल परियोजनाएँ, सुबनसिरी लोअर परियोजना, दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना तथा सियांग बेसिन परियोजनाओं का व्यापक समीक्षा दौरा किया। इन दौरों के दौरान परियोजनाओं की प्रगति, परिचालन प्रदर्शन तथा विभिन्न कार्यान्वयन संबंधी पहलुओं की समीक्षा की गई। साथ ही, परियोजनाओं के समयबद्ध निष्पादन, गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के पालन तथा परिचालन उत्कृष्टता बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

**माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं:**

- जून 2026 के दौरान एनएचपीसी का राजस्व 735.06 करोड़ रुपए रहा । जून 2026 तक कंपनी का कुल संचयी राजस्व 1,899.44 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

- जून 2026 में एनएचपीसी का कुल विद्युत उत्पादन 3431 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा, जबकि जून 2026 तक संचयी विद्युत उत्पादन 8918 मिलियन यूनिट (एमयू) दर्ज किया गया।

- 22 जून 2026 को "स्पंदन" – रियल टाइम सीस्मिक डेटा सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह एनएचपीसी की सभी परियोजनाओं एवं पावर स्टेशनों के भूकंपीय उपकरणों को एकीकृत करने वाली देश की अपनी तरह की पहली केंद्रीकृत रियल-टाइम निगरानी सुविधा है।

- 24 जून 2026 को 260 मेगावाट दुलहस्ती स्टेज-II जलविद्युत परियोजना से विद्युत आपूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ तथा 29 जून 2026 को 800 मेगावाट पार्बती-II पावर स्टेशन से विद्युत खरीद के लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के साथ विद्युत क्रय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

- ओएनजीसी ग्रीन लिमिटेड के साथ 24 जून 2026 को पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज एवं अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के संयुक्त विकास के लिए समझौता ज्ञापन भी संपन्न किया गया, जो देश की ऊर्जा भंडारण क्षमता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

- 10 जून 2026 को मुंबई में आयोजित समारोह में एनएचपीसी को "Excellence in Diversity & Inclusion Learning Initiative" श्रेणी में ईटी एचआर वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स गोल्ड अवार्ड 2026 तथा "Best Wellbeing & Mental Health Learning Initiative" श्रेणी में ईटी एचआर वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स सिल्वर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। ये प्रतिष्ठित सम्मान एक समावेशी, सहयोगपूर्ण तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यस्थल के निर्माण के प्रति हमारी सतत प्रतिबद्धता और प्रयासों का प्रमाण हैं।

- चुटक पावर स्टेशन द्वारा राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण के सहयोग से लद्दाख के कारगिल जिले में बांध सुरक्षा पर 16 जून 2026 को सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- 5 जून 2026 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' का आयोजन "प्रकृति से प्रेरित- जलवायु के लिए- हमारे भविष्य के लिए" थीम के साथ निगम मुख्यालय , क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं एवं यूनिटों में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया।

- सीएसआर के अंतर्गत "उद्गम : स्वप्न उड़ान" परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत दिल्ली के सीएम श्री स्कूल, रोहिणी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मेधावी विद्यार्थियों को

आईआईटी/नीट की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। इस दो वर्षीय परियोजना के क्रियान्वयन हेतु 16 जून 2026 को सोसायटी फॉर क्रिएटिंग ए डिफरेंस (CAD) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

- कार्मिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति एनएचपीसी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए 10 जून 2026 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एक निःशुल्क बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एनएचपीसी से संबद्ध अस्पतालों के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों तथा उनके परिवारजनों को व्यापक स्वास्थ्य जांच एवं नैदानिक सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं।

- एनएचपीसी ने 18.06.2026 को दार्जिलिंग में श्रम, वस्त्र एवं कौशल विकास संबंधी स्थायी समिति तथा 06.06.2026 को श्रीनगर में विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति की बैठकों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इन बैठकों में एनएचपीसी प्रबंधन ने क्रमशः श्रम सुधारों तथा प्रस्तावित विधेयक पर संगठन के विचार समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

- एनएचपीसी ने 19 जून 2026 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, फरीदाबाद की वर्ष 2026 की प्रथम अर्द्धवार्षिक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया। बैठक में सदस्य कार्यालयों में राजभाषा के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर समिति की वार्षिक पत्रिका 'नगर सौरभ' का भी विमोचन किया गया।

- संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उपसमिति ने 25 जून 2026 को एनएचपीसी के धौलीगंगा एवं टनकपुर पावर स्टेशनों का दौरा कर राजभाषा नीति के कार्यान्वयन तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं पहलों की समीक्षा की।

आप सभी को तथा आपके परिवार के सदस्यों को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

A Navratna Company

## From CMD's Desk




**1 July, 2026**

## Dear Colleagues,

As we reflect on the developments of the past month, I am pleased to acknowledge that together, we have achieved significant progress on multiple fronts, which are a testament to the hard work and collaborative spirit of every member of the NHPC family. I extend my sincere appreciation to all of you and encourage you to continue this momentum as we strive to achieve even greater milestones in the months ahead.

In a major development towards implementation of 3097 MW Etalin Hydroelectric Project, we have signed a Memorandum of Agreement with the Government of Arunachal Pradesh on 16th June 2026.

NHPC achieved another significant milestone in the execution of the 2,000 MW Subansiri Lower H.E. Project with the successful boxing-up of Unit #5 on 14th June 2026. With this the Unit#5 has moved closer towards commissioning stage.

The daylighting of HRT-I of Pakal Dul HEP, being constructed by TBM, was achieved on 10th June 2026.

I witnessed the first blast of Adit 3A of HRT of Uri-I Stage II Project on 31st May 2026, which marked the commencement of construction works of the project. I urge the project team to execute the project in accelerated mode to ensure its timely completion.

During the month, the NHPC Management undertook comprehensive review visits to the Uri-I Stage-II Project, Uri Power Station, Tulbul Navigation Lock Project, Parbati-II Power Station,

Link Tunnel Projects, Subansiri Lower Project, Dibang Multipurpose Project, and the Siang Basin Projects. These visits provided an opportunity to assess the progress of ongoing works, review operational performance, and engage with project teams on key implementation challenges. The Management underscored the importance of expeditious project execution, strict adherence to quality and safety standards, and sustained operational excellence.

**Other major highlights of the month include**:

- In June 2026, NHPC's revenue stood at Rs. 735.06 crore. Total cumulative revenue till June 2026 stood at Rs. 1899.44 crore.

- The total generation for the month of June 2026 was 3431 MU and cumulative generation up to June 2026 was 8918 MU.

- SPANDAN – Real Time Seismic Data Center, the centralized monitoring facility integrating seismic instrumentation from all NHPC projects was inaugurated on 22nd June 2026. This facility established is first-of-its-kind facility enabling centralized real-time seismic monitoring of NHPC Projects and Power Stations.

- On 24th June 2026, NHPC signed a PPA with Uttar Pradesh Power Corporation Limited (UPPCL) for power from the 260 MW Dulhasti Stage-II Hydroelectric Project. Further on 29th June 2026 T PPA was signed with New Delhi Municipal Council (NDMC) for the purchase of power from NHPC's 800 MW Parbati-II Power Station.

- NHPC signed an MoU with ONGC Green Limited on 24 June 2026 to jointly explore and develop Pumped Hydro Storage Projects (PSPs) and other renewable energy projects, strengthening India's energy storage capacity and supporting the nation's clean energy transition.

- NHPC has been conferred with ET HR World Future Skills Gold Award 2026 for "Excellence in Diversity & Inclusion Learning Initiative" and ET HR World Future Skills Silver Award 2026 for "Best Wellbeing & Mental Health Learning Initiative" at Mumbai on 10 June 2026. These prestigious recognitions reflect our sustained efforts to create an inclusive, supportive and future-ready workplace.

- Chutak Power Station, in coordination with the National Dam Safety Authority, organised a Community Awareness Programme on Dam Safety in Kargil district, Ladakh, on 16 June 2026.

- World Environment Day 2026 was observed on 5th June 2026 under the theme "Inspired by Nature. For Climate. For Our Future" across Corporate Office, Regional Offices, Power Stations, Projects and Units reaffirming our shared commitment to sustainability and environmental conservation.

- Under CSR initiative, "Udgam: Swapna Udaan" was launched to provide free IIT/NEET coaching to meritorious students from economically weaker sections at CM Shri

School, Rohini, Delhi. An MoU with Society for Creating A Difference (CAD) was signed on 16 June 2026 to implement the two-year project.

- Reinforcing NHPC's commitment to employee well-being, a free multi-specialty health camp was organized at the Corporate Office, Faridabad on 10.06.2026, for our employees, contract workers, security personnel and their family members through comprehensive health check-ups and diagnostic services in collaboration with NHPC-empanelled hospitals.

- NHPC successfully hosted meetings of the Standing Committee on Labour, Textiles and Skill Development on 18.06.2026 at Darjeeling and the Joint Parliamentary Committee on the Viksit Bharat Shiksha Adhisthan Bill, 2025 on 06.06.2026 at Srinagar, where NHPC's management presented the organization’s views on labour reforms and the proposed legislation respectively.

- NHPC hosted the first-half yearly meeting of नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, फरीदाबाद, on 19$^{th}$ June 2026. The meeting reviewed the progress of implementation of राजभाषा across member offices. 'Nagar Saurabh', the annual magazine, was also released.

- The Second Sub-Committee of the Parliamentary Committee on Official Language visited NHPC's Dhauliganga and Tanakpur Power Stations on 25$^{th}$ June 2026 to review the implementation of the Official Language Policy and the initiatives undertaken by NHPC to promote the use of Hindi in official work.

I convey my greetings to you and your family members on the auspicious occasion of Guru Purnima.

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**